# Pledge ceremony organized at CUH

## Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: The Tribune** **Date: 13-08-2024**



### STUDENTS TAKE OATH TO SHUN DRUGS

**Mahendragarh:** Central University of Haryana (CUH) conducted a pledge ceremony under 'Nasha Mukt Bharat Abhiyan' on Monday. This programme was organised by the drug eradication cell in coordination with NSS, YRC and DSW office of the university. Vice-Chancellor Prof Tankeshwar Kumar read the pledge, and students, faculty members, HoDs, TICs and deans of different schools and departments took the pledge that they would do make efforts to make their country drug-free. Dr Dinesh Kumar, convener, drug eradication cell said more than 150 students attended the event and took the pledge. Prof Anand Sharma also said such events were necessary to create awareness among the students. Dean (Academic Affair) Prof Sanjiv Kumar, Prof Payal Chandel, Prof Rajesh Kumar Gupta, Prof Surender Singh and Rupesh Deshmukh were also present on this occasion.

Haryana Tribune Tue, 13 August https://epaper.

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Aaj Samaj** **Date: 13-08-2024**

# हकेवि में विद्यार्थियों ने ली नशे से दूर रहने की शपथ

## ■ कुलपति ने विद्यार्थियों को नशा मुक्त भारत अभियान में योगदान के लिए किया प्रेरित

**नीरज कौशिक**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), यूथ रेडक्रॉस (वाईआरसी), छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय के समन्वय में नशा उन्मूलन प्रकोष्ठ द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सामूहित शपथ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रतिभागी विद्यार्थियों, शोधार्थियों, संकाय सदस्यों व कर्मचारियों को नशे से दूर रहने और इससे बचाव के लिए लोगों को जागरूक करने की शपथ दिलाई। आयोजन में मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह अभियान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया है।



विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

उन्होंने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा होते हैं तथा युवा शक्ति का समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसलिए यह अति आवश्यक है कि अधिक से अधिक युवा नशा मुक्त भारत अभियान से जुड़ें और भारत को नशा मुक्त बनाएं। नशा उन्मूलन प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान की सफलता के लिए सामूहिक संकल्प के साथ हर व्यक्ति को अपना योगदान देना अनिवार्य है। एकजुट होकर ही समाज, परिवार व देश को नशे से बचाया जा सकता है और इस बदलाव की शुरूआत स्वयं से करनी होगी। आयोजन में विश्वविद्यालय के 150 से अधिक विद्यार्थियों से हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा और डॉ. नीरज करण सिंह ने भी इस अवसर पर विश्वविद्यालय में नशे के विरूद्ध जागरूकता हेतु विभिन्न आयोजनों पर जोर दिया। इस अवसर पर शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. संजीव कुमार, प्रो. पायल चंदेल, प्रो. राजेश कुमार गुप्ता, प्रो. सुरेंद्र सिंह व डॉ. रूपेश देशमुख सहित शिक्षक, विद्यार्थी, शोधार्थी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 13-08-2024**

## नशा न करने की शपथ दिलाई



महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना, यूथ रेडक्रॉस, छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय के समन्वय में नशा उन्मूलन प्रकोष्ठ द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सामूहिक शपथ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रतिभागी विद्यार्थियों, शोधार्थियों, संकाय सदस्यों व कर्मचारियों को नशे से दूर रहने और इससे बचाव के लिए लोगों को जागरूक करने की शपथ दिलाई। संवाद

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 13-08-2024**

# नशा मुक्त भारत अभियान के तहत ली नशे से दूर रहने की शपथ



विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाते कुलपति ● सौजन्यः हकेंवि

संवाद सहयोगी, जागरण ● महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), यूथ रेडक्रास (वाइआरसी), छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय के समन्वय में नशा उन्मूलन प्रकोष्ठ ने नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सामूहित शपथ का आयोजन किया। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रतिभागी विद्यार्थियों, शोधार्थियों, संकाय सदस्यों व कर्मचारियों को नशे से दूर रहने और इससे बचाव के लिए लोगों को जागरूक करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि यह अभियान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार ने शुरू किया है। युवा राष्ट्र की ऊर्जा होते हैं तथा युवा शक्ति का समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान होता है, इसलिए आवश्यक है कि युवा इस अभियान से जुड़ें।

नशा उन्मूलन प्रकोष्ठ के संयोजक डा. दिनेश कुमार ने कहा कि अभियान की सफलता के लिए सामूहिक संकल्प के साथ हर व्यक्ति को अपना योगदान देना अनिवार्य है। एकजुट होकर ही समाज, परिवार व देश को नशे से बचाया जा सकता है। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा और डा. नीरज करण सिंह ने विश्वविद्यालय में नशे के विरुद्ध जागरूकता के लिए विभिन्न आयोजनों पर जोर दिया। इस अवसर पर शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. संजीव कुमार, प्रो. पायल चंदेल, प्रो. राजेश कुमार गुप्ता, प्रो. सुरेंद्र सिंह व डा. रूपेश देशमुख सहित शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

## नशे के विरूद्ध निकाली रैली

संवाद सहयोगी, जागरण ● कनीना : राजकीय महाविद्यालय, कनीना में नशा मुक्ति अभियान शुरु हुआ। इसके तहत महाविद्यालय में रैली निकाल आमजन और विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी संदीप कुमार ककरालिया और भारती ने संयुक्त रूप से व्याख्यान जारी किया। अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति व्याख्यान, नशा मुक्ति शपथ व नशा मुक्ति रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष डा. विनोद कुमार ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार प्रत्येक वर्ष शराब का सेवन करने से 30 लाख से अधिक लोगों की मौत हो जाती है। रैली में विद्यार्थियों ने महाविद्यालय से आंबेडकर चौक तक नशा मुक्ति के नारे लगाए और आमजन को जागरूक किया। समस्त विद्यार्थियों और महाविद्यालय के कर्मचारियों को नशा मुक्ति की शपथ सह प्राध्यापक सोमवीर ने दिलवाई। कार्यक्रम में डा. कांता, डा. घनश्याम, डा. महेश, डा. यतेंद्र, डा. बलराज, डा. अजय, डा. प्रदीप, डा. रविंद्र, डा. अनीता आदि शामिल रहे।




नशे के प्रति जागरूक करते हुए विद्यार्थी ● सौ. प्रवक्ता

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Gurgaon Today** **Date: 13-08-2024**

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों ने ली नशे से दूर रहने की शपथ

**■ कुलपति ने विद्यार्थियों को नशा मुक्त भारत अभियान में योगदान के लिए किया प्रेरित।**

**सुरेंद्र चौधरी, गुड़गांव टुडे**



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो टंकेश्वर कुमार छात्रों को नशा न करने की शपथ दिलाते हुए।

**नारनौल।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), यूथ रेडक्रॉस (वाईआरसी), छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय के समन्वय में नशा उन्मूलन प्रकोष्ठ द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सामूहित शपथ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रतिभागी विद्यार्थियों, शोधार्थियों, संकाय सदस्यों व कर्मचारियों को नशे से दूर रहने और इससे बचाव के लिए लोगों को जागरूक करने की शपथ दिलाई।

आयोजन में मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह अभियान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा होते हैं तथा युवा शक्ति का समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसलिए यह अति आवश्यक है कि अधिक से अधिक युवा नशा मुक्त भारत अभियान से जुड़ें और भारत को नशा मुक्त बनाएं।

नशा उन्मूलन प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान की सफलता के लिए सामूहिक संकल्प के साथ हर व्यक्ति को अपना योगदान देना अनिवार्य है। एकजुट होकर ही समाज, परिवार व देश को नशे से बचाया जा सकता है और इस बदलाव की शुरुआत स्वयं से करनी होगी। आयोजन में विश्वविद्यालय के 150 से अधिक विद्यार्थियों से हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा और डॉ. नीरज करण सिंह ने भी इस अवसर पर विश्वविद्यालय में नशे के विरूद्ध जागरूकता हेतु विभिन्न आयोजनों पर जोर दिया।

इस अवसर पर शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. संजीव कुमार, प्रो. पायल चंदेल, प्रो. राजेश कुमार गुप्ता, प्रो. सुरेंद्र सिंह व डॉ. रूपेश देशमुख सहित शिक्षक, विद्यार्थी, शोधार्थी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 13-08-2024**

# हकेंवि में विद्यार्थियों ने ली नशे से दूर रहने की शपथ

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) यूथ रेडक्रॉस (वाईआरसी) छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय के समन्वय में नशा उन्मूलन प्रकोष्ठ द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सामूहित शपथ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रतिभागी विद्यार्थियों, शोधार्थियों, संकाय सदस्यों व कर्मचारियों को नशे से दूर रहने और इससे बचाव के लिए लोगों को जागरूक करने की शपथ दिलाई। कुलपति ने कहा कि यह अभियान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा होते हैं तथा युवा शक्ति का समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसलिए यह अति आवश्यक है कि अधिक से अधिक युवा नशा मुक्त भारत अभियान से जुड़ें और भारत को नशा मुक्त बनाएं। नशा उन्मूलन प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान की सफलता के लिए सामूहिक संकल्प के साथ हर व्यक्ति को अपना योगदान देना अनिवार्य है। एकजुट होकर ही समाज, परिवार व देश को नशे से बचाया जा सकता है और इस बदलाव की शुरूआत स्वयं से करनी होगी।



**महेंद्रगढ़।** विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।